# राजभाषा
# वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर

पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

## प्रस्तावना

रेलवे बोर्ड के आदेशानुसार रेलों पर पदोन्नति परीक्षाओं के प्रश्न-पत्र अब वस्तुनिष्ठ यानी बहु-विकल्पीय प्रश्न वाले होंगे। पदोन्नति परीक्षा के प्रश्न-पत्रों में नियमानुसार 10% प्रश्न राजभाषा संवैधानिक व्यवस्था, अधिनियम-नियम, राजभाषा पुरस्कार संबंधी होते हैं। इसी को ध्यान में रखते हुए महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे की अध्यक्षता में संपन्न क्षेत्रीय रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति की दिनांक 30.12.2019 की बैठक में निर्णय लिया गया कि राजभाषा विभाग/मुख्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा राजभाषा से संबंधित प्रश्न बैंक पूर्वोत्तर रेलवे के राजभाषा विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध कराई जाए।

इसी के अनुपालन में राजभाषा विभाग/मुख्यालय द्वारा रेलों के अधिकारियों एवं कर्माचरियों के लाभार्थ **"राजभाषा वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर"** संकलित किया गया है। इस प्रश्न बैंक में भारत सरकार की राजभाषा नीति, सविधान में दिए गए राजभाषा की संवैधानिक व्यवस्थाओं, अधिनियम-नियम, राजभाषा समितियों, पुरस्कार योजनाओं से संबंधित 160 प्रश्न संकलित किए गए है।

आशा ही नहीं अपितु पूर्ण विश्वास है कि राजभाषा विभाग/मुख्यालय, पूर्वोत्तर रेलवे द्वारा संकलित यह **"राजभाषा वस्तुनिष्ठ प्रश्नोत्तर"** रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ-साथ अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए लाभप्रद होगी।

**संकलनकर्ता**


| श्याम बाबू शर्मा | मो. अरशद मिर्जा | ध्रुव कुमार श्रीवास्तव |
|---|---|---|
| वरिष्ठ अनुवादक | राजभाषा अधिकारी | राजभाषा अधिकारी/मु. |

# पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर

**प्रश्न 01- संविधान सभा ने किस वर्ष हिंदी को स्वतंत्र भारत की राजभाषा के रूप में स्वीकार किया?**

(क) 26 जनवरी,1950

(ख) 15 अगस्त,1947

(ग) 09 अगस्त,1942

(घ) 14 सितंबर,1949

**सही उत्तर - (घ)**

**प्रश्न 02- राजभाषा अधिनियम किस वर्ष बना?**

(क) 15 जनवरी,1963

(ख) 10 अप्रैल,1965

(ग) 10 मई,1963

(घ) 13 जून,1964

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 03- राजभाषा अधिनियम, 1963 का संशोधन किस वर्ष में हुआ?**

(क) 1967

(ख) 1964

(ग) 1965

(घ) 1966

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 04- प्रथम राजभाषा आयोग का गठन किस वर्ष हुआ?**

(क) 05 मई,1954

(ख) 07 जून, 1955

(ग) 30 अप्रैल, 1956

(घ) 08 अगस्त, 1957

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 05- राजभाषा आयोग के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?**

(क) बालकृष्ण गोखले,

(ख) गोपालकृष्ण रानडे,

(ग) बालासाहेब गंगाधर खेर,

(घ) बाल गंगाधर तिलक

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 06- संसदीय राजभाषा समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?**

(क) केन्द्रीय वित्त मंत्री

(ख) केन्द्रीय कृषि मंत्री

(ग) केन्द्रीय रेल मंत्री

(घ) केन्द्रीय गृह मंत्री

**सही उत्तर - (घ)**

**प्रश्न 07- संसदीय राजभाषा समिति में कुल कितने सदस्य होते हैं?**

(क) 30

(ख) 28

(ग) 25

(घ) 20

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 08- संसदीय राजभाषा समिति में लोकसभा के कितने सदस्य होते हैं?**

(क) 18

(ख) 20

(ग) 22

(घ) 15

**सही उत्तर - (ख)**

**प्रश्न 09- संसदीय राजभाषा समिति में राज्यसभा के कितने सदस्य होते हैं?**

(क) 07

(ख) 09

(ग) 10

(घ) 12

**सही उत्तर - (ग)**

**प्रश्न 10- संविधान की अष्टम अनुसूची में कितनी भाषाएं शामिल हैं?**

(क) 19

(ख) 20

(ग) 21

(घ) 22

**सही उत्तर - (घ)**

**प्रश्न 11- संसदीय राजभाषा समिति की कितनी उप समितियां हैं?**

(क) 01 उप समिति

(ख) 02 उप समितियां

(ग) 03 उप समितियां

(घ) 04 उप समितियां

**सही उत्तर - (ग)**

**प्रश्न 12- रेल मंत्रालय के कार्यालयों का निरीक्षण संसदीय राजभाषा समिति की कौनसी उप समिति द्वारा किया जाता हैं?**

(क) पहली उप समिति

(ख) दूसरी उप समिति

(ग) तीसरी उप समिति

(घ) चौथी उप समिति

**सही उत्तर - (ख)**

**प्रश्न 13- राजभाषा नियम 1976 में प्रथम संशोधन किस वर्ष किया गया?**

(क) 1987

(ख) 1988

(ग) 1989

(घ) 1990

**सही उत्तर - (क)**

**प्रश्न 14- राजभाषा अधिनियम, 1963 की कुल कितनी धाराएं हैं?**

(क) 08

(ख) 09

(ग) 10

(घ) 11

**सही उत्तर - (ख)**

**प्रश्न 15- संविधान के अनुच्छेद 120 में किस संस्था के भाषा के उपयोग के संबंध में उपबन्ध हैं?**

(क) विधान मंडल

(ख) विधान सभा

(ग) संसद

(घ) उच्चतम न्यायालय

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 16- राजभाषा नियम 1976 को अब तक कितनी बार संशोधित किया गया है?**

(क) 5 बार

(ख) 1 बार

(ग) 2 बार

(घ) 3 बार

**सही उत्तर - (घ)**

**प्रश्न 17- केन्द्रीय हिंदी समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?**

(क) वित्त मंत्री

(ख) गृह मंत्री

(ग) प्रधान मंत्री

(घ) रेल मंत्री

**सही उत्तर - (ग)**

**प्रश्न 18- रेल हिंदी सलाहकार समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?**

(क) अध्यक्ष, रेल बोर्ड

(ख) वित्त आयुक्त

(ग) सदस्य कार्मिक

(घ) रेल मंत्री

**सही उत्तर - (घ)**

**प्रश्न 19- मुख्य राजभाषा अधिकारी का कार्यकाल कितने वर्ष/माह का होता है?**

(क) 01 वर्ष

(ख) 02 वर्ष

(ग) 03 वर्ष

(घ) 06 माह

**सही उत्तर - (क)**

**प्रश्न 20- संसदीय राजभाषा समिति की पहली बैठक कब हुई?**

(क) 14 सितम्बर, 1955 को

(ख) 30 अक्तूबर, 1956 को

(ग) 16 नवम्बर, 1957 को

(घ) 30 जनवरी, 1958 को

**सही उत्तर - (ग)**

**प्रश्न 21- राजभाषा के संबंध में संसदीय समिति की राय पर राष्ट्रपति ने प्रथम आदेश किस वर्ष जारी किए?**

(क) 1959

(ख) 1960

(ग) 1961

(घ) 1962

**सही उत्तर - (ख)**

**प्रश्न 22- राजभाषा के संबंध में राष्ट्रपति के आदेश को कार्यान्वित करने के लिए संसद के दोनों सदनों द्वारा राजभाषा संकल्प किस वर्ष पारित किया गया?**

(क) 18 जनवरी, 1968

(ख) 30 जनवरी, 1968

(ग) 02 फरवरी, 1962

(घ) 10 मई, 1962

**सही उत्तर - (क)**

**प्रश्न 23- 1957 में गठित प्रथम राजभाषा संसदीय समिति के अध्यक्ष कौन थे?**

(क) पंडित गोविंद वल्लभ पंत

(ख) दत्ता वामन पोतदार

(ग) मोरारजी भाई देसाई

(घ) पंडित मदन मोहन मालवीय

**सही उत्तर - (क)**

**प्रश्न 24- राजभाषा हिंदी के प्रयोग की दृष्टि से भारत संघ को कितने वर्गों में रखा गया है?**

(क) 2

(ख) 3

(ग) 4

(घ) 5

**सही उत्तर - (ख)**

**प्रश्न 25- राजभाषा अधिनियम की कौन- सी धारा संसदीय समिति के गठन से संबंधित है?**

(क) धारा-3

(ख) धारा-4

(ग) धारा-5

(घ) धारा-6

**सही उत्तर - (ख)**

**प्रश्न 26- अनुशासनिक कार्यवाही संबंधी प्रलेख कर्मचारी को किस भाषा में दिए जाने का प्रावधान है?**

(क) क्षेत्रीय भाषा

(ख) हिंदी

(ग) अंग्रेजी

(घ) हिंदी या अंग्रेजी - कर्मचारी जिसमें चाहता हो।

**सही उत्तर - (घ)**

प्रश्न 27- राजभाषा नियम,1976 में कब-कब संशोधन किया गया है?

(क) वर्ष 1984 एवं 2009 में

(ख) वर्ष 1985 एवं 2010 में

(ग) वर्ष 1986 एवं 2011 में

(घ) वर्ष 1987, 2007 एवं 2011 में

**सही उत्तर - (घ)**

**प्रश्न 28- राजभाषा विभाग का गठन कब हुआ?**

(क) अप्रैल,1975 में

(ख) मई,1975 में

(ग) जून,1975 में

(घ) जुलाई,1975 में

**सही उत्तर - (ग)**

**प्रश्न 29- रेल कर्मचारियों की साहित्यिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए काव्य संग्रह के लिए कौन-सी योजना चलाई जा रही है?**

(क) मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना

(ख) महादेवी वर्मा पुरस्कार योजना

(ग) रामधारी सिंह दिनकर पुरस्कार योजना

(घ) हरिवंश राय बच्चन पुरस्कार योजना

**सही उत्तर - (क)**

**प्रश्न 30- रेल कर्मचारियों की साहित्यिक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के लिए कहानी संग्रह उपन्यास के लिए कौन-सी योजना चलाई जा रही है?**

(क) भारतेन्दु पुरस्कार योजना

(ख) आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी पुरस्कार योजना

(ग) प्रेमचंद पुरस्कार योजना

(घ) सुमित्रानंदन पंत पुरस्कार योजना

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 31- केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए भाषा प्रशिक्षण हेतु कितने पाठ्यक्रम निर्धारित है?**

(क) दो

(ख) तीन

(ग) चार

(घ) पांच

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 32- राजभाषा हिंदी प्रशिक्षण के लिए पाठ्यक्रम कौन तैयार करता है?**

(क) गृह मंत्रालय का राजभाषा विभाग

(ख) वित्त मंत्रालय

(ग) रक्षा मंत्रालय

(घ) रेल मंत्रालय

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 33- हिंदीतर भाषी राज्यों में नाम बोर्ड, पदनाम बोर्ड एवं सूचना बोर्ड को नियमानुसार किस क्रम में प्रदर्शित किया जाना अपेक्षित है?**

(क) हिंदी भाषा, अंग्रेजी भाषा, क्षेत्रीय भाषा

(ख) क्षेत्रीय भाषा, हिंदी भाषा, अंग्रेजी भाषा

(ग) क्षेत्रीय भाषा, अंग्रेजी भाषा, हिंदी भाषा

(घ) अंग्रेजी भाषा, क्षेत्रीय भाषा, हिंदी भाषा **सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 34- राजभाषा नियमों के अनुपालन का उत्तरदायित्व राजभाषा नियम, 1976 के किस नियम में उल्लिखित है?**

(क) नियम- 9

(ख) नियम-10

(ग) नियम-11

(घ) नियम-12 **सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 35- हिंदी पत्रों के उत्तर अनिवार्य रूप से हिंदी में देने के लिए राजभाषा नियम,1976 के किस उप-नियम में निर्देश दिए गए है?**

(क) नियम-05 में

(ख) नियम-06 में

(ग) नियम-07 में

(घ) नियम-08 में

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 36- राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अनुपालन की जिम्मेदारी किसकी है?**

(क) मुख्य कार्यालय अधीक्षक

(ख) मुख्य टंकक

(ग) संबंधित डीलर

(घ) इस आशय के दस्तावेज पर हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी की

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 37- हिंदी में प्रवीणता प्राप्त अधिकारियों को कितने प्रतिशत कार्य हिंदी में करने के लिए कार्यालय प्रमुख द्‌वारा व्यक्तिश: आदेश जारी किए जा सकते हैं?**

(क) 75 %

(ख) 80 %

(ग) 90 %

(घ) 100 %

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 38- केंद्रीय सरकार के कार्यालयों के मध्य किन भाषाओं का प्रयोग अपेक्षित है?**

(क) मराठी और हिंदी

(ख) मराठी और अंग्रेजी

(ग) केवल हिंदी

(घ) हिंदी और अंग्रेजी

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 39- राजभाषा का वार्षिक कार्यक्रम किस मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है?**

(क) रेल मंत्रालय
(ख) वित्त मंत्रालय
(ग) गृह मंत्रालय
(घ) रक्षा मंत्रालय

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 40- मंडल राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?**

(क) अपर मंडल रेल प्रबंधक
(ख) मंडल रेल प्रबंधक
(ग) राजभाषा अधिकारी
(घ) वरिष्ठ मंडल इंजीनियर

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 41- क्षेत्रीय रेलवे राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?**

(क) महाप्रबंधक
(ख) अपर महाप्रबंधक
(ग) मुख्य राजभाषा अधिकारी
(घ) उप महाप्रबंधक

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 42- भारतीय रेल पर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक कब-कब होती है?**

(क) माह में एक बार
(ख) दो माह में एक बार
(ग) तीन माह में एक बार
(घ) छः माह में एक बार

**सही उत्तर-(ग)**

**प्रश्न 43- नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक कब-कब होती है?**

(क) माह में एक बार
(ख) दो माह में एक बार
(ग) तीन माह में एक बार
(घ) छः माह में एक बार

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 44- किस प्रदेश की राजभाषा अंग्रेजी है?**

(क) नागालैंड

(ख) असम

(ग) त्रिपुरा

(घ) हिमाचल प्रदेश

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 45- हिंदी में डिक्टेशन देने के लिए अधिकारियों को कितने रुपए का नकद पुरस्कार दिया जाता है?**

(क) रु.2,000/-

(ख) रु.3,000/-

(ग) रु.4,000/-

(घ) रु.5,000/-

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 46- संसदीय राजभाषा समिति अपनी रिपोर्ट किसे प्रस्तुत करती हैं?**

(क) प्रधान मंत्री

(ख) गृह मंत्री

(ग) महामहिम राष्ट्रपति

(घ) रक्षा मंत्री

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 47- राजभाषा नियम के अनुसार अंड़मान-निकोबार द्वीप समूह किस क्षेत्र में स्थित है?**

(क) क क्षेत्र में

(ख) ख क्षेत्र में

(ग) ग क्षेत्र में

(घ) घ क्षेत्र में

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 48- भारत संघ की राजभाषा क्या है?**

(क) ब्राह्मी लिपि में हिंदी

(ख) सिंधी लिपि में हिंदी

(ग) देवनागरी लिपि में हिंदी

(घ) नागरी लिपि में हिंदी

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 49- संसद में संविधान का भाग-17 कब पारित हुआ?**

(क) 16.09.1950

(ख) 15.09.1947

(ग) 14.08.1949

(घ) 14.09.1949

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 50- राजभाषा अधिनियम 1963 कब संशोधित हुआ?**

(क) 1976

(ख) 1970

(ग) 1973

(घ) 1967

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 51- प्रत्येक वर्ष 'हिंदी दिवस' किस तिथि को मनाया जाता है?**

(क) 02, अक्टूबर

(ख) 22, मई

(ग) 14, सितम्बर

(घ) 30, जनवरी

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 52- अरूणाचल प्रदेश की राजभाषा क्या है?**

(क) डोगरी

(ख) नेपाली

(ग) हिंदी

(घ) अंग्रेजी

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 53- हिंदीतर भाषी क्षेत्रों के निवासियों को दिए गए आश्वासनों को कानूनी रूप देने के लिए कौन सा अधिनियम पारित किया गया?**

(क) अधिनियम 1963

(ख) अधिनियम 1976

(ग) अधिनियम 1967 (संशोधित)

(घ) अधिनियम 1965

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 54- राजभाषा नीति की जानकारी देने वाले अनुच्छेद 343-351 संविधान के किस भाग में है?**

(क) 11 वें

(ख) 15 वें

(ग) 17 वें

(घ) 10 वें

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 55- राजभाषा अधिनियम 1963 क्यों पारित किया गया?**

(क) 1965 के बाद भी हिंदी के साथ प्रादेशिक भाषा के प्रयोग जारी रखने हेतु।

(ख) 1965 के बाद भी हिंदी के साथ क्षेत्रीय भाषा के प्रयोग जारी रखने हेतु।

(ग) 1965 के बाद भी हिंदी के साथ अंग्रेजी भाषा के प्रयोग जारी रखने हेतु।

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं।

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 56- राजभाषा नियम किस वर्ष पारित हुआ?**

(क) 1963

(ख) 1970

(ग) 1967

(घ) 1976

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 57- संविधान के 17वें भाग में कितने अनुच्छेद हैं?**

(क) 12

(ख) 09

(ग) 11

(घ) 07

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 58- दमण और दीव तथा दादरा और नगर हवेली संघ राज्य क्षेत्र राजभाषा प्रयोग के दृटिकोण से किस क्षेत्र में है?**

(क) क

(ख) ग

(ग) ख

(घ) घ

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 59- हिंदी में कार्यालयीन कार्य करने के लिए कौन सी पुरस्कार योजना है?**

(क) मुंशी प्रेमचंद पुरस्कार योजना

(ख) सामूहिक पुरस्कार योजना

(ग) व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना

(घ) एक मुश्त पुरस्कार योजना

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 60- केंद्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?**

(क) रक्षा मंत्री

(ख) गृह मंत्री

(ग) प्रधान मंत्रि

(घ) राजभाषा विभाग (गृहमंत्रालय) के सचिव

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 61- केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिए प्रारम्भिक पाठ्यक्रम कौन सा है?**

(क) प्रवीण

(ख) प्रबोध

(ग) प्राज्ञ

(घ) इनमें से कोई नहीं

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 62- क्षेत्रीय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें वर्ष में कितनी बार आयोजित की जाती हैं?**

(क) 05 बार

(ख) 03 बार

(ग) 02 बार

(घ) 04 बार

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 63- मुख्यालय राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठकें वर्ष में कितनी बार आयोजित की जाती हैं?**

(क) 04 बार

(ख) 02 बार

(ग) 03 बार

(घ) 01 बार

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 64- प्रमुख नगरों में गठित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष कौन होते हैं?**

(क) महाप्रबंधक

(ख) जिला मजिस्ट्रेट

(ग) नगर में स्थित केन्द्रीय सरकार का वरिष्ठतम अधिकारी

(घ) नगर प्रमुख

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 65- केन्द्र सरकार के हिंदी पाठ्यक्रमों की शिक्षा प्रणाली क्या है?**

(क) नियमित

(ख) गहन

(ग) पत्राचार

(घ) प्राईवेट

(ङ) उपर्युक्त सभी

**सही उत्तर- (ङ)**

**प्रश्न 66- कोटि 'घ' के कर्मचारियों हेतु कौन सा पाठ्यक्रम हिंदी प्रशिक्षण हेतु है?**

(क) प्रवीण

(ख) प्रबोध

(ग) प्राज्ञ

(घ) इनमें से कोई नहीं

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 67- अष्टम अनुसूची में शामिल विदेशी भाषा कौन सी है?**

(क) संथाली

(ख) अंग्रेजी

(ग) डोगरी

(घ) नेपाली

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 68- केन्द्र सरकार का कौन-सा मंत्रालय हिंदी संबंधी परीक्षाएं आयोजित करता है?**

(क) विदेश मंत्रालय

(ख) शिक्षा मंत्रालय

(ग) गृह मंत्रालय

(घ) रेल मंत्रालय

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 69- रेलवे स्टेशनों पर उद्घोषणा किस भाषा क्रम में की जानी है?**

(क) हिंदी, अंग्रेजी

(ख) स्थानीय, हिंदी, अंग्रेजी

(ग) प्रादेशिक, अंग्रेजी, हिंदी

(घ) प्रादेशिक, हिंदी, अंग्रेजी

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 70- राजभाषा नियम 1976 अन्तिम बार कब संशोधित हुआ?**

(क) वर्ष 1987 में

(ख) वर्ष 2014 में

(ग) वर्ष 2011 में

(घ) वर्ष 2007 में

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 71- आठवीं अनुसूची में मैथिली भाषा को किस वर्ष शामिल किया गया?**

(क) 1967 में

(ख) 1992 में

(ग) 2004 में

(घ) 2011 में

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 72- केन्द्रीय हिन्दी समिति के उपाध्यक्ष कौन होते हैं?**

(क) रक्षा मंत्री

(ख) गृह मंत्री

(ग) प्रधान मंत्री

(घ) विदेश मंत्री

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 73- राजभाषा आयोग की सिफारिशों पर विचार करने के लिए गठित समिति के प्रथम अध्यक्ष कौन थे?**

(क) बी. जी. खेर

(ख) जी. बी. पंत

(ग) जे. एन. नेहरू

(घ) मौलाना आज़ाद

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 74- संविधान के अनुसार सांविधिक नियमों, विनियमों और आदेशों का अनुवाद कौन करता है?**

(क) गृह मंत्रालय

(ख) रेलवे बोर्ड

(ग) रेल मंत्रालय

(घ) विधि मंत्रालय

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 75- संसदीय समिति का पुनर्गठन कब हुआ?**

(क) 1963

(ख) 1976

(ग) 1949

(घ) 1967

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 76- आरंभिक तौर से संविधान की आठवीं अनुसूची में कितनी भाषाएं शामिल थीं?**

(क) 19

(ख) 22

(ग) 14

(घ) 18

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 77- आठवीं अनुसूची में सम्मिलित 'सिंधी' भाषा को किस वर्ष शामिल किया गया?**

(क) 1949

(ख) 1970

(ग) 1950

(घ) 1967

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 78- कोंकणी, मणिपुरी और नेपाली भाषाओं को आठवीं अनुसूची में किस वर्ष सम्मिलित किया गया?**

(क) 1967

(ख) 1976

(ग) 1992

(घ) 2004

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 79- बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली भाषाओं को 8वीं अनुसूची में कब सम्मिलित किया गया?**

(क) 2004

(ख) 1992

(ग) 1967

(घ) 1963

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 80- संविधान की 8वीं अनुसूची में बोडो, डोगरी, मैथिली और संथाली भाषाओं को संविधान के किस संशोधन द्वारा शामिल किया गया?**

(क) 71वें

(ख) 92वें

(ग) 100वें

(घ) 65वें

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 81- कमलापति त्रिपाठी राजभाषा स्वर्ण पदक किस स्तर के अधिकारी के लिए है?**

(क) प्रमुख विभागाध्यक्ष

(ख) सभी अधिकारियों के लिए

(ग) महाप्रबंधक एवं उनसे ऊपर स्तर के अधिकारी के लिए

(घ) राजभाषा में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी के लिए

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 82- रेल मंत्री राजभाषा रजत पदक की पुरस्कार राशि क्या है?**

(क) स्वर्ण पदक + रू.10,000/- नकद तथा प्रशस्ति पत्र

(ख) कांस्य पदक + रू.6,000/- नकद तथा प्रशस्ति पत्र

(ग) रजत पदक + रू.8,000/- नकद तथा प्रशस्ति पत्र

(घ) रजत पदक + रू.9,000/- नकद तथा प्रशस्ति पत्र

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 83- मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना किस लिए प्रदान की जाती है?**

(क) उपन्यास लेखन हेतु

(ख) कहानी/कथा लेखन हेतु

(ग) काव्य/ग़ज़ल संग्रह हेतु

(घ) तकनीकी पुस्तक लेखन हेतु

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 84- राजभाषा व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना किसके लिए निर्धारित है?**

(क) कर्मचारियों के लिए

(ख) अधिकारियों के लिए

(ग) कनि. प्रशा. ग्रेड तक के अधिकारी तथा अराजपत्रित वर्ग के लिए

(घ) वरि. प्रशा. ग्रेड के अधिकारी के लिए।

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 85- रेल यात्रा वृत्तांत पुरस्कार योजना किसके लिए है?**

(क) रेल अधिकारियों के लिए

(ख) साहित्यकारों के लिए

(ग) रेल कर्मियों के लिए

(घ) सभी भारतीय नागरिकों के लिए

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 86- केन्द्र सरकार के कार्मिकों (सेवा निवृत्त सहित) को हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन हेतु कौन-सा पुरस्कार निर्धारित है?**

(क) मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना

(ख) राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना

(ग) प्रेमचन्द पुरस्कार योजना

(घ) रेल मंत्री पुरस्कार योजना **सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 87- हिंदी भाषा के विकास के लिए निदेश किस अनुच्छेद में दिए हैं?**

(क) 343

(ख) 349

(ग) 351

(घ) 346 **सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 88- संसदीय राजभाषा समिति की किस उप-समिति के क्षेत्र में गृह मंत्रालय आता है?**

(क) पहली उप-समिति

(ख) दूसरी उप-समिति

(ग) तीसरी उप-समिति

(घ) इनमें से कोई नहीं **सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 89- रक्षा मंत्रालय संसदीय समिति के किस उप-समिति के कार्यक्षेत्र में आता है?**

(क) दूसरी उप-समिति

(ख) पहली उप-समिति

(ग) तीसरी उप-समिति

(घ) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 90- राजभाषा अधिनियम 1963 की किस धारा के उपबन्धों के अनुसार संसदीय समिति का गठन किया गया?**

(क) धारा - 5

(ख) धारा - 3

(ग) धारा - 3(3)

(घ) धारा - 4

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 91- विधान मंडल में प्रयोग की जाने वाली भाषा का उल्लेख संविधान के किस अनुच्छेद में है?**

(क) 120 में

(ख) 343 में

(ग) 210 में

(घ) 351 में

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 92- संविधान के भाग-17 में संघ की भाषा से संबंधित अनुच्छेद 343 किस अध्याय से है?**

(क) अध्याय- 1

(ख) अध्याय- 3

(ग) अध्याय- 2

(घ) अध्याय- 4

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 93- संविधान के भाग-17 में संघ की भाषा से संबंधित अध्याय-2 में कितने अनुच्छेदों का उल्लेख है?**

(क) 05

(ख) 08

(ग) 04

(घ) 03

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 94- संघ की भाषा से संबंधित 'विशेष निदेश' संविधान के भाग-17 के किस अध्याय में है?**

(क) अध्याय- 2

(ख) अध्याय- 4

(ग) अध्याय- 1

(घ) अध्याय- 3

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 95- गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की 'राजभाषा गौरव पुरस्कार योजना' के कितने भाग हैं?**

(क) 4

(ख) 2

(ग) 3

(घ) 6

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 96- रेल मंत्रालय, रेलवे बोर्ड द्वारा कथा/कहानी, उपन्यास, नाटक एवं अन्य गद्य साहित्य लागू पुरस्कार योजना का नाम क्या है?**

(क) मैथिलीशरण गुप्त पुरस्कार योजना

(ख) राजभाषा व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना

(ग) प्रेमचंद पुरस्कार योजना

(घ) लाल बहादुर शास्त्री तकनीकी मौलिक लेखन पुरस्कार योजना

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 97- एक राज्य से दूसरे राज्य या किसी राज्य और संघ के बीच प्रयोग की जाने वाली भाषा का उल्लेख किस अनुच्छेद में है?**

(क) अनुच्छेद - 343

(ख) अनुच्छेद - 344

(ग) अनुच्छेद - 345

(घ) अनुच्छेद - 346

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 98- राजभाषा हिंदी से संबंधित नियमित पाठ्यक्रम की परीक्षाएं वर्ष में कितनी बार आयोजित की जाती हैं?**

(क) 1 बार

(ख) 3 बार

(ग) 2 बार

(घ) 4 बार

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 99- संसदीय समिति ने अपनी प्रथम बैठक के बाद, राष्ट्रपति के समक्ष अपनी रिपोर्ट कब प्रस्तुत की?**

(क) 30.09.1967 को

(ख) 08.02.1959 को

(ग) 10.05.1963 को

(घ) 02.10.1968 को

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 100- 'निर्मला' किस प्रसिद्ध लेखक की कृति है?**

(क) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ख) जयशंकर प्रसाद

(ग) प्रेमचंद

(घ) हजारी प्रसाद द्विवेदी

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 101- 'रानी केतकी की कहानी' किसकी रचना है?**

(क) बालकृष्ण भट्ट

(ख) देवकीनंदन खत्री

(ग) किशोरीलाल गोस्वामी

(घ) इंशा अल्लाह खां

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 102- 'चित्रलेखा' किस लेखक की कृति है?**

(क) प्रेमचंद

(ख) बंकिम चन्द्र चट्टोपाध्याय

(ग) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(घ) भगवती चरण वर्मा

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 103- नाटक 'अंधेर नगरी' किसके द्वारा लिखा गया है?**

(क) जयशंकर प्रसाद

(ख) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र

(ग) धर्मवीर भारती

(घ) शंकर शेष

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 104- 'ध्रुवस्वामिनी' किस नाटक-कार की रचना है?**

(क) जयशंकर प्रसाद

(ख) भीष्म साहनी

(ग) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना

(घ) इंशा अल्लाह खां

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 105- कहानी 'उसने कहा था' किसने लिखी है?**

(क) सुदर्शन

(ख) सआदत हसन मंटो

(ग) चन्द्रधर शर्मा गुलेरी

(घ) भीष्म साहनी

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 106- 'कफन' किसकी रचना है?**

**(क)** सआदत हसन मंटो

(ख) भीष्म साहनी

(ग) धर्मवीर भारती

(घ) प्रेमचंद

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 107- इनमें से 'ग' क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले संघ शासित राज्य कौन सा है, जिसे वर्ष 2019 में शामिल किया गया है?**

(क) पांडिचेरी

(ख) लक्षद्वीप

(ग) गोवा

(घ) जम्मू-कश्मीर

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 108- किन राज्यों में उर्दू को द्वितीय राजभाषा के रूप में घोषित किया गया है?**

(क) उत्तर प्रदेश व केरल

(ख) तमिलनाडु व महाराष्ट्र

(ग) कश्मीर व लद्दाख

(घ) आन्ध्र प्रदेश व बिहार

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 109- हिंदी सलाहकार समिति किस मंत्रालय में गठित की जाती है?**

(क) सभी मंत्रालयों में

(ख) गृह मंत्रालय में

(ग) शिक्षा मंत्रालय में

(घ) वित्त मंत्रालय में

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 110- केन्द्रीय हिंदी समिति में कुल कितने सदस्य हैं?**

(क) कुल 41 सदस्य

(ख) कुल 65 सदस्य

(ग) कुल 45 सदस्य

(घ) कुल 56 सदस्य

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 111- डोंगरी भाषा किस राज्य में बोली जाती है?**

(क) असम

(ख) जम्मू कश्मीर

(ग) बिहार

(घ) महाराष्ट्र

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 112- यदि केन्द्रीय सरकार के किसी कार्यालय में 80 प्रतिशत कर्मचारी हिंदी का कार्यसाधक ज्ञान प्राप्त कर लेते हैं तो उस कार्यालय को किस नियम के तहत राजपत्र में अधिसूचित किया जाता है?**

(क) नियम 10 (2) में

(ख) नियम 10 (3) में

(ग) नियम 10 (1) में

(घ) नियम 10 (4) में

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 113- केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो का गठन कब किया गया था?**

(क) 01.07.1971 में

(ख) 01.03.1971 में

(ग) 01.01.1971 में

(घ) 01.10.1971 में

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 114- सभी नाम पट्ट/सूचना पट्ट, पत्र शीर्ष और लिफाफों पर उत्कीर्ण लेख एवं लेखन सामग्री की अन्य मदें हिंदी और अंग्रेजी में ही हो, इसका उल्लेख किस नियम में है?**

(क) नियम 10 (1) में

(ख) नियम 10 (2) में

(ग) नियम 11 (1) में

(घ) नियम 11 (3) में

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 115- केन्द्र सरकार द्वारा हिंदी के विकास के लिए राजभाषा नियम कब बनाया गया?**

(क) 17.07.1974 में

(ख) 28.07.1975 में

(ग) 17.07.1976 में

(घ) 28.06.1976 में

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 116- कर्मचारी कोई आवेदन अपील या अभ्यावेदन हिंदी या अंग्रेजी में कर सकता है, यह किस नियम के अन्तर्गत आता है?**

(क) नियम 7 (1) में

(ख) नियम 7 (2) में

(ग) नियम 11 (1) में

(घ) नियम 10 (1) में

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 117- इनमें से कौन सी भाषा देवनागरी लिपि में नहीं लिखी जाती है?**

(क) हिंदी

(ख) संस्कृत

(ग) गुजराती

(घ) मराठी

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 118- संविधान सभा में हिंदी को राजभाषा बनाने का प्रस्ताव किसने प्रस्तुत किया था?**

(क) महात्मा गांधी ने

(ख) गोपाल स्वामी अयंगर ने

(ग) सी. राजगोपालाचारी ने

(घ) जुगुल किशोर शुक्ल ने

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 119- निम्न में से यह अधिकार किसको है कि वह हिंदी अथवा किसी अन्य भाषा को उच्च न्यायालय की कार्यवाही की भाषा का दर्जा दे सके?**

(क) संसद का कोई भी सदन

(ख) उस राज्य का राज्यपाल

(ग) राज्यपाल ऐसा कर सकता है बशर्ते उसे पहले राष्ट्रपति पूर्व अनुमति लेनी होगी

(घ) उच्चतम न्यायालय का मुख्य न्यायाधीश

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 120- यदि किसी व्यक्ति को उच्चतम न्यायालय में कोई जनहित याचिका लगानी हो तो याचिका किस भाषा में लिखी होनी चाहिए?**

(क) 22 भाषाओं में से किसी भी भाषा में

(ख) याचिकाकर्ता अपनी मातृभाषा में

(ग) केवल अंग्रेजी में

(घ) हिंदी या अंग्रेजी में

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 121- निम्न में कौन सुमेलित हैं?**

| | राज्य | | राजभाषा |
|---|---|---|---|
| (क) | आन्ध्र प्रदेश | - | तेलुगु |
| (ख) | केरल | - | तमिल |
| (ग) | गोवा | - | अंग्रेजी |
| (घ) | जम्मू एवं कश्मीर | - | कश्मीरी |

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 122- वर्ष 1976 में गठित संसदीय राजभाषा समिति के अध्यक्ष कौन थे?**

(क) अटल बिहारी वाजपेयी

(ख) ओम मेहता

(ग) ललित नारायण मिश्र

(घ) हुकुम देव नारायण सिंह

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 123- हिंदी प्रबोध परीक्षा 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंकों के साथ उत्तीर्ण करने पर मिलने वाली पुरस्कार की राशि क्या है?**

(क) रू 1600/-

(ख) रू 800/-

(ग) रू 500/-

(घ) रू 400/-

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 124- नियमित हिंदी भाषा पाठ्यक्रमों का सत्र किस-किस महीने में आरंभ होता है?**

(क) जनवरी और जुलाई में

(ख) मार्च - अगस्त में

(ग) फरवरी और जून में

(घ) अप्रैल और दिसम्बर में

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 125- सरकारी काम-काज (टिप्पण/आलेख) मूल रूप में हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत स्वतंत्र रूप से प्रथम पुरस्कार कितने व्यक्तियों को दिया जा सकता है?**

(क) 04 व्यक्तियों को

(ख) 05 व्यक्तियों को

(ग) 02 व्यक्तियों को

(घ) 01 व्यक्ति को

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 126- सरकारी काम-काज (टिप्पण/आलेख) मूल रूप से हिंदी में करने के लिए प्रोत्साहन योजना के अन्तर्गत स्वतंत्र रूप से तीसरा पुरस्कार अधिकतम कितने व्यक्तियों को दिया जा सकता है?**

(क) 02 व्यक्तियों को

(ख) 04 व्यक्तियों को

(ग) 01 व्यक्ति को

(घ) 05 व्यक्तियों को

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 127- राजभाषा नियम 1976 किस राज्य पर लागू नहीं होता है?**

(क) आंध्र प्रदेश

(ख) तमिलनाडु

(ग) जम्मू-कश्मीर

(घ) केरल

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 128- रेलवे बोर्ड की व्यक्तिगत नकद पुरस्कार योजना के अंतर्गत पूर्वोत्तर रेलवे के लिए कितने पुरस्कार निर्धारित हैं?**

(क) कुल 6 पुरस्कार

(ख) कुल 4 पुरस्कार

(ग) कुल 8 पुरस्कार

(घ) कुल 3 पुरस्कार

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 129- अधिकारियों द्वारा हिंदी में डिक्टेशन देने के लिए कुल कितने पुरस्कार निर्धारित हैं और उसकी धनराशि क्या है?**

(क) कुल 1 पुरस्कार रू 10000/-

(ख) कुल 4 पुरस्कार प्रत्येक को रू 2000/-

(ग) कुल 5 पुरस्कार प्रत्येक को रू 3000/-

(घ) कुल 2 पुरस्कार प्रत्येक को रू 5000/-

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 130- हिंदी डिक्टेशन पुरस्कार योजना के अंतर्गत 'ग' क्षेत्र के अधिकारियों के लिए निर्धारित पुरस्कार की धनराशि क्या है?**

(क) रू 4000/-

(ख) रू 1000/-

(ग) रू 2000/-

(घ) रू 5000/-

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 131- हिंदी डिक्टेशन पुरस्कार योजना के अंतर्गत 'क' क्षेत्र के अधिकारियों के लिए वर्ष में हिंदी डिक्टेशनों में निर्धारित हिंदी शब्दों की संख्या क्या है?**

(क) वर्ष में 10,000 शब्द

(ख) वर्ष में 20,000 शब्द

(ग) वर्ष में 25,000 शब्द

(घ) वर्ष में 15,000 शब्द

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 132- रेलवे बोर्ड की सामूहिक पुरस्कार योजना के अंतर्गत कुल कितने पुरस्कार निर्धारित हैं?**

(क) कुल 5 पुरस्कार

(ख) कुल 4 पुरस्कार

(ग) कुल 3 पुरस्कार

(घ) कुल 6 पुरस्कार

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 133- रेल मंत्री हिंदी निबंध प्रतियोगिता के लिए कुल कितने पुरस्कार निर्धारित हैं?**

(क) कुल 4 पुरस्कार, 2 राजपत्रित एवं 2 अराजपत्रित के लिए

(ख) कुल 2 पुरस्कार, 1 राजपत्रित एवं 1 अराजपत्रित के लिए

(ग) केवल अराजपत्रित के लिए 1 पुरस्कार

(घ) इनमें से कोई नहीं

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 134- तकनीकी मौलिक पुस्तक लेखन पुरस्कार योजना किसके नाम पर है?**

(क) प्रेमचंद

(ख) मैथिलीशरण गुप्त

(ग) इंदिरा गांधी

(घ) लाल बहादुर शास्त्री

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 135- मौलिक पुस्तक लेखन पुरस्कार योजनाओं के अंतर्गत विचारणीय पुस्तक सामान्यत: कितने पृष्ठ की होना चाहिए?**

(क) न्यूनतम 100 पृष्ठ

(ख) न्यूनतम 200 पृष्ठ

(ग) न्यूनतम 150 पृष्ठ

(घ) पृष्ठों की कोई सीमा निर्धारित नहीं है

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 136- रेल यात्रा वृतांत पर पुरस्कार योजना के अंतर्गत प्रथम पुरस्कार की राशि क्या है?**

(क) रू 8000/- एवं प्रशस्ति पत्र

(ख) रू 6000/- एवं प्रशस्ति पत्र

(ग) रू 10000/- एवं प्रशस्ति पत्र

(घ) रू 4000/- एवं प्रशस्ति पत्र

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 137- उत्तराखंड की द्वितीय राजभाषा क्या है?**

(क) उर्दू

(ख) संस्कृत

(ग) डोगरी

(घ) गढ़वाली

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 138- भारत के नागरिकों को हिंदी में ज्ञान-विज्ञान मौलिक पुस्तक लेखन के लिए राजभाषा गौरव पुरस्कार के तहत पहला पुरस्कार कितनी राशि का है?**

(क) 50,000 रूपये

(ख) 1,00,000 रूपये

(ग) 1,50,,000 रूपये

(घ) 2,00,000 रूपये

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 139- केन्द्र सरकार के कार्मिकों (सेवानिवृत्त सहित) को हिंदी में मौलिक पुस्तक लेखन के लिए राजभाषा गौरव पुरस्कार के तहत पहला पुरस्कार कितनी राशि का है?**

(क) 50,000 रूपये

(ख) 1,00,000 रूपये

(ग) 1,50,,000 रूपये

(घ) 2,00,000 रूपये

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 140- रेल मंत्री हिंदी निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रेलकर्मी की कम से कम कितनी रेल सेवा पूरी होनी चाहिए?**

(क) 03 माह

(ख) 06 माह

(ग) 01 वर्ष

(घ) 03 वर्ष

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 141- भारतीय संविधान के कुल कितने भागों में भाषा संबंधी प्रावधान है?**

(क) दो

(ख) चार

(ग) तीन

(घ) पांच

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 142- भारतीय संविधान के कुल कितने अनुच्छेदों में भाषा संबंधी प्रावधान है?**

(क) नौ

(ख) दस

(ग) ग्यारह

(घ) बारह

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 143- भारतीय संविधान के किन-किन अनुच्छेदों में भाषा संबंधी प्रावधान है?**

(क) 110, 220, 343 से 351

(ख) 120, 210, 343 से 350

(ग) 120, 210, 343 से 351

(घ) 110, 220, 343 से 350

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 144- संसद में सदस्य अपनी अभिव्यक्ति किस भाषा में दे सकते हैं?**

(क) हिंदी में

(ख) अंग्रेजी में

(ग) अध्यक्ष की अनुमति से अपनी मातृभाषा में

(घ) अध्यक्ष की अनुमति के बिना किसी भी भाषा में

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 145- संविधान में दिए गए प्रावधान के अनुसार संविधान के प्रारंभ से कितने वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात संसद में काम संबंधी यह अनुच्छेद ऐसे प्रभावी होगा मानो "या अंग्रेजी में" शब्दों का उसमें से लोप कर दिया गया हो ?**

(क) दस

(ख) पंद्रह

(ग) बीस

(घ) पच्चीस

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 146- संविधान में दिए गए प्रावधान के अनुसार संविधान के प्रारंभ से कितने वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात हिमाचल प्रदेश, मणिपुर, मेघालय और त्रिपुरा राज्यों के विधान मंडलों में काम संबंधी यह अनुच्छेद ऐसे प्रभावी होगा मानो "या अंग्रेजी में" शब्दों का उसमें से लोप कर दिया गया हो ?**

(क) पंद्रह

(ख) बीस

(ग) पच्चीस

(घ) तीस

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 147- संविधान में दिए गए प्रावधान के अनुसार संविधान के प्रारंभ से कितने वर्ष की अवधि की समाप्ति के पश्चात अरूणाचल प्रदेश, गोवा और मिजोरम राज्यों के विधान मंडलों में काम संबंधी यह अनुच्छेद ऐसे प्रभावी होगा मानो "या अंग्रेजी में" शब्दों का उसमें से लोप कर दिया गया हो ?**

(क) दस

(ख) बीस

(ग) तीस

(घ) चालीस

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 148- संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए प्रयोग होने वाले अंकों का रूप क्या होगा?**

(क) 1, 2, 3, 4

(ख) एक, दो, तीन, चार

(ग) I, II, III, IV

(घ) १, २, ३, ४

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 149- राजभाषा अधिनियम की धारा 3(3) के अंतर्गत आने वाले दस्तावेज किस भाषा में जारी किए जाएंगे?**

(क) केवल हिंदी में

(ख) केवल अंग्रेजी में

(ग) हिंदी और अंग्रेजी दोनों में

(घ) किसी भी भाषा में

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 150- हिन्दी में प्रवीणताप्राप्त कर्मचारी किसे कहा जाता है?**

(क) प्राइमरी स्तर पर हिंदी का ज्ञान

(ख) प्राइमरी स्तर की परीक्षा हिंदी माध्यम से उत्तीर्ण

(ग) मैट्रिक स्तर पर हिंदी का ज्ञान

(घ) मैट्रिक स्तर की परीक्षा हिंदी माध्यम से उत्तीर्ण

**सही उत्तर- (घ)**

**प्रश्न 151- हिन्दी में कार्यसाधक कर्मचारी किसे कहा जाता है?**

(क) प्राइमरी स्तर पर हिंदी का ज्ञान

(ख) प्राइमरी स्तर की परीक्षा हिंदी माध्यम से उत्तीर्ण

(ग) मैट्रिक स्तर की परीक्षा हिंदी एक विषय से उत्तीर्ण

(घ) मैट्रिक स्तर की परीक्षा हिंदी माध्यम से उत्तीर्ण

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 152- अखिल रेल हिंदी टिप्पण एवं प्रारूप लेखन प्रतियोगिता में किस श्रेणी तक के अधिकारी भाग ले सकते हैं?**

(क) महाप्रबंधक एवं उससे ऊपर के अधिकारी तक के

(ख) वरिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (SAG) तक के

(ग) कनिष्ठ प्रशासनिक ग्रेड (JAG) तक के

(घ) किसी भी राजपत्रित अधिकारी तक के

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 153- रेल यात्रा वृतांत पुरस्कार योजना में कम से कम कितने शब्दों का यात्रा वृतांत होना आवश्यक है?**

(क) 1000 शब्द

(ख) 2000 शब्द

(ग) 3000 शब्द

(घ) 4000 शब्द

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 154- हिंदी में काम करने वाले पात्र टाइपिस्टों को पुरस्कार भत्ता योजना के रूप में प्रतिमाह कितनी पुरस्कार राशि देय है?**

(क) 120 रूपये

(ख) 160 रूपये

(ग) 240 रूपये

(घ) 320 रूपये

**प्रश्न उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 155- हिंदी में काम करने वाले पात्र आशुलिपिकों को पुरस्कार भत्ता योजना के रूप में प्रतिमाह कितनी पुरस्कार राशि देय है?**

(क) 120 रूपये

(ख) 160 रूपये

(ग) 240 रूपये

(घ) 320 रूपये

**प्रश्न उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 156- रेल मंत्री हिंदी निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले रेलकर्मी की कम से कम कितनी रेल सेवा पूरी होनी चाहिए?**

(क) 03 माह

(ख) 06 माह

(ग) 01 वर्ष

(घ) 03 वर्ष

**प्रश्न उत्तर- (क)**

**प्रश्न 157- राजभाषा नियम के अनुसार, अंदमान व निकोबार द्वीप किस क्षेत्र में आता है?**

(क) क क्षेत्र

(ख) ख क्षेत्र

(ग) ग क्षेत्र

(घ) घ क्षेत्र

**सही उत्तर- (क)**

**प्रश्न 158- राजभाषा नियम के अनुसार, इनमें से कौन सा राज्य 'क' क्षेत्र में नहीं आता है?**

(क) राजस्थान

(ख) गुजरात

(ग) हिमाचल प्रदेश

(घ) छत्तीसगढ़

**सही उत्तर- (ख)**

**प्रश्न 159- राजभाषा नियमों के अनुसार लक्षद्वीप को किस क्षेत्र में रखा गया है?**

(क) क क्षेत्र

(ख) ख क्षेत्र

(ग) ग क्षेत्र

(घ) घ क्षेत्र

**सही उत्तर- (ग)**

**प्रश्न 160- आठवीं अनुसूची में कौन सी भाषा शामिल नहीं है?**


(क) उर्दू भाषा

(ख) सिन्धी भाषा

(ग) ब्रज भाषा

(घ) कोंकणी भाषा

**सही उत्तर- (ग)**


"क" क्षेत्र
"ख" क्षेत्र
"ग" क्षेत्र
राजभाषा नियम 1976 लागू नही
Jammu & Kashmir
Himachal Pradesh
Punjab
Chandigarh
Uttarakhand
Haryana
Delhi
Rajasthan
Uttar Pradesh
Arunachal Pradesh
Sikkim
Assam
Nagaland
Bihar
Meghalaya
Manipur
Jharkhand
West Bengal
Tripura
Mizoram
Gujarat
Madhya Pradesh
Chhattisgarh
Daman & Diu
Dadra & Nagar Haveli
Odisha
Maharashtra
Telangana
Andhra Pradesh
Goa
Karnataka
Andaman & Nicobar
Lakshadweep
Tamil Nadu
Puducherry
Kerala